**O P JINDAL SCHOOL, PATRATU**
**QUESTION BANK OF PT-I**

**CLASS: VI** **SUBJECT: HINDI**

**बहुवैकल्पिक प्रश्न :**

1. चिड़िया किसका दिल टटोलती है ?

   i) नदी का  ii) पानी का  iii) धरती का  iv) आकाश का

2. चिड़िया को किससे प्यार नहीं हैं ?

   i) मिट्टी से  ii) जल से  iii) अन्न से  iv) नदी से

3. चिड़िया का स्वभाव कैसा है ?

   i) क्रोधी  ii) संतोषी  iii) लालची  iv) शर्मीली

4. जल का मोती ले जाने वाली कौन है ?

   i) नदी  ii) चिड़िया  iii) कोयल  iv) लड़की

5. लेखिका को हफ्ते में क्या खरीदने की छूट थी ?

   i) चाकलेट  ii) कोक-पेप्सी  iii) पैटीज  iv) उपरोक्त सभी

6. दुकान के शोरुम में किसका मॉडल बना हुआ था ?

   i) बस का  ii) पहाड़ी का  iii) शिमला का  iv) ट्रेन का

7. बचपन में पैरों में छाले क्यौं पड़ जाते थे ?

   i) पैदल चलने से  ii) नए जूते पहनने से

   iii) तेज चलने से  iv) इनमें से कोई नहीं

8. 'बचपन" पाठ की लेखिका का नाम क्या है ?

   i) कृष्णा सोबती  ii) महादेवी वर्मा

   iii) सुभद्राकुमारी चौहान  iv) उमा प्रियवंदा

9. राम का जन्म कब हुआ ?

   i) चैत्र  माह की अष्टमी को  ii) चैत्र  माह की नवमी को

   iii) चैत्र माह की दशमी को  iv) चैत्र माह की पंचमी को

10. अवध किस नदी के तट पर स्थित था ?

   i) गंगा नदी  ii) सरयू नदी  iii) घाघरा नदी iv) यमुना नदी

11. राजा दशरथ किस महाराज के पुत्र थे ?

   i) राजा हर्षवर्धन  ii) राजा चंद्रपाल  iii) राजा अज  iv) राजा कृष्णदेवराय

12. राजा दशरथ की कितनी रानियाँ थी ?

   i) तीन  ii) चार  iii) पांच  iv) छह

13. किस राक्षसी के कारण जंगल में डर बना हुआ था ?

   i) शूर्पणखा  ii) सुबाहु  iii) मारीच  iv) ताड़का

14. विदेहराज कौन थे ?

   i) लक्ष्मण  ii) मेघनाथ  iii) सुग्रीव  iv) महाराज जनक

15. महर्षि की आज्ञा मानकर धनुष पर प्रत्यंचा किसने चढ़ाई ?

i) राम ने ii) लक्ष्मण ने iii) भरत ने iv) उपरोक्त सभी

16. शिव-धनुष किस में रखा गया था ?

i) लोहे की पेटी में ii) चाँदी की पेटी में iii) पीतल की पेटी में iv) सोने की पेटी में

17. ------------भारत की राजभाषा है l

i) गुजराती ii) पंजाबी iii) हिंदी iv) मराठी

18. भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान कराने वाला शास्त्र ---------कहलाता है l

i) व्याकरण ii) लिपि iii) वर्ण iv) व्यंजन

19. अनुस्वार शब्द को चुन कर लिखें -

i) किसान ii) बंदर iii) हँसी iv) प्रातः

20. अनुनासिक शब्द को चुन कर लिखें -

i) सुबह ii) मंदिर iii) चाँद iv) स्वतः

**21. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उत्तर लिखें :**

भारत अपनी चित्रकला, शिल्पकला और वास्तुकला के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है l आगरा में यमुना तट पर स्थित ताजमहल वास्तुकला का एक अद्‍भुत नमूना है। यह विश्व के सात अजूबों में से एक है। सफ़ेद संगमरमर से बने ताज के अनुपम सौंदर्य को देखकर सभी लोग दाँतों तले उंगली दबा लेते हैं। ताजमहल का निर्माण मुगल बादशाह शाहजहाँ ने करवाया था। इसका निर्माण लगभग बीस हजार मजदूरों ने बीस वर्षों में किया था। ताजमहल के प्रवेश-द्वार पर लाल पत्थर लगे हैं, जिन पर कुरान की आयतें खुदी हुई हैं। ताज के गुंबद और मीनारें दूर से की दिखाई देते हैं। ताजमहल संगमरमर के एक भव्य चबूतरे पर बना है। इसके चारों कोनों पर संगमरमर की चार मीनारें हैं।शरद पूर्णिमा की चाँदनी रात में ताजमहल ऐसा प्रतीत होता है, मानो दूध से नहाया हुआ है l अपनी सुंदरता और कारीगरी के कारण ही यह पूरे विश्व में प्रसिद्ध है।

(क) भारत विश्व में किस लिए प्रसिद्ध है?

(i) वास्तुकला के लिए (ii) शिल्पकला के लिए

(iii) चित्रकला के लिए (iv) उपरोक्त सभी

(ख) ताजमहल का निर्माण किसने करवाया था?

(i) मुगल बादशाह अकबर ने (ii) बादशाह जहाँगीर ने

(iii) बादशाह शाहजहाँ ने (iv) औरंगज़ेब ने

(ग) ताजमहल की सुंदरता को देखकर लोग-

(i) प्रसन्न हो जाते हैं (ii) आश्चर्यचकित रह जाते हैं।

(iii) उदास हो जाते हैं (iv) मूर्छित हो जाते हैं

(घ) शब्द पूर्णिमा के दिन ताजमहल दिखाई देता है-

(i) चाँद जैसा (ii) दूध जैसा सफ़ेद

(iii) सोने जैसा चमकीला (iv) उपरोक्त सभी

(ङ) गद्यांश के लिए सबसे उचित शीर्षक हो सकता है-

(i) संगमरमर (ii) भारत की शिल्पकला

(iii) ताजमहल (iv) बादशाह की ताजमहल वास्तुकला का अजूबा

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें :**

22. 'वह चिड़िया जो' कविता के आधार पर बताओ कि चिड़िया को किन-किन चीजों से प्यार है ?

23. लेखिका बचपन में इतवार की सुबह क्या-क्या काम करती थीं ?

24. आशय स्पष्ट करो –'रस उँड़ेलकर गा लेती है l'

25. लेखिका अपने बचपन में कौन-कौन सी चीजें मज़ा ले-लेकर खाती थीं ? उनमें से प्रमुख फलों के नाम लिखों l

26. लेखिका को चश्मा क्यों लगाना पड़ा ? चश्मा लगाने पर उनके चचेरे भाई उन्हें क्या कहकर चिढ़ाते थें ?

27. आशय स्पष्ट करो- चढ़ी नदी का दिल टटोलकर,जल का मोती ले जाती l

28. लेखिका को हवाई जहाज को उड़ते देखकर क्या लगता था ?

29. राजा दशरथ राम से अधिक प्रेम क्यों करते थे ?

30. विश्वामित्र ने राम-लक्ष्मण को कौन-सी विधाएँ सिखाई ?

31. महर्षि विश्वामित्र अपना क्रोध क्यों नहीं प्रकट कर पा रहे थे ?

32. राजा दशरथ की रानियों के नाम लिखिए l

33. महाराज दशरथ को कौन सा दुःख सताता रहता था ?

34. मुनि वशिष्ठ ने राजा को कौन-सा यज्ञ करने की सलाह दी l

35. मुनि विश्वामित्र द्वारा बनाए गए आश्रम का क्या नाम था ?

36. शिव धनुष की क्या विशेषता थी ?

37. मिथिला के राजा कौन थे ?उनकी क्या प्रतिज्ञा थी ?

38. मारीच क्यों क्रोधित था ?

39. ताड़का वध से प्रसन्न होकर विश्वामित्र ने राम-लक्ष्मण को क्या दिया ?

40. अयोध्या किस राज्य की राजधानी थी ?

**पत्र लेखन :**

41. अपनी नई कक्षा का वर्णन करते हुए अपने दादाजी को पत्र लिखें l

42. अपने छोटे भाई को समय के सदुपयोग का महत्व बताते हुए पत्र लिखिए l

43. प्रधानाचार्य को अवकाश हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए l

44. अपने अनुचित व्यवहार के लिए क्षमा मांगते हुए प्रधानाचार्य को क्षमा-पत्र लिखिए l

45. अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए l

**अनुच्छेद लेखन :**

46. **'मातृदिवस'** विषय पर 80 से 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए l

47. **'बुलेट ट्रेन'** विषय पर 80 से 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए l

**निबंध लेखन :**

48. **'स्वच्छ भारत अभियान'** विषय पर एक निबंध लिखें l

49. **'दिन-प्रतिदिन बढ़ता प्रदूषण'** विषय पर एक निबंध लिखें l

50. **'ग्लोबल वार्मिंग का बढ़ता खतरा'** विषय पर एक निबंध लिखें l

******